University of Lucknow लखनऊ विश्वविद्यालय | Centenary Year शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 03 September 2021

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: 3 घंटे की एमएड प्रवेश परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश परीक्षाएं (पीजीईटी) 6 सितम्बर से शुरू हो रही हैं। जानकारी के अनुसार एमएड की प्रवेश परीक्षा 250 अंकों की होगी। यह परीक्षा कुल 3 घंटे की होगी जिसमें दो पेपर बहुविकल्पीय प्रश्नों के होंगे। क्रमशः 100 व 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। दो घंटे की परीक्षा के बाद एक घंटे में लघु उत्तरीय प्रश्न और हिन्दी व अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा होगी। अन्य विषयों की प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जिनके उत्तर 90 मिनट में देने होंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। सभी विषयों की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि व समय की जानकारी lkouniv.ac.in पर है।

**निर्देश जरूर पढ़ें**

एलयू की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र पर लिखे निर्देश अवश्य पढ़ें।

## JAGRAN CITY PAGE I

### बीएड सहित 14 कोर्सों के नतीजे घोषित

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड सहित 14 कोर्सों के नतीजे गुरुवार देर शाम जारी कर दिए।

इनमें एमए संस्कृत द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमएचए (मास्टर आफ हास्पिटल मैनेजमेंट) द्वितीय (सीबीसीएस), एमए एआइएच (ग्रुप बी) प्रथम सेमेस्टर सीबीसीएस, बीए आनर्स पालिटिकल साइंस प्रथम, एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर सीबीसीएस, बीकाम आनर्स छठा सेमेस्टर, एमएससी प्रथम सेमेस्टर फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री (सीबीसीएस), एमएससी प्रथम सेमेस्टर फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री (बैक पेपर), एमए एआइएच (ग्रुप बी) प्रथम सेमेस्टर बैक पेपर, एमए ज्योतिर्विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमएससी सांख्यिकी सेमेस्टर प्रथम (बीपी), एमएससी सांख्यिकी प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) और बीएड चौथे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीएड के 32 कालेजों के नतीजे जारी किए गए हैं।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : बीएड समेत एक दर्जन कोर्सों के परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने बृहस्पतिवार को बीएड चौथे सेमेस्टर समेत एक दर्जन से अधिक कोर्सों के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि एमए संस्कृत दूसरे सेमेस्टर, एमएचए दूसरे सेमेस्टर, एमए एआईएच पहले सेमेस्टर, बीए ऑनर्स, एमएससी फिजिक्स पहले सेमेस्टर, बीकॉम ऑनर्स पांचवें सेमेस्टर, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री पहले सेमेस्टर, बीएड चौथे सेमेस्टर (लविवि समेत 32 कॉलेजों का), एमए ज्योतिर्विज्ञान दूसरे सेमेस्टर, एमएससी स्टेटिस्टिक्स पहले सेमेस्टर व बैक पेपर का परिणाम जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि में वैक्सीनेशन 6 को

**लखनऊ।** लखनऊ विवि की ओर से 6 सितंबर को परिसर स्थित डिस्पेंसरी में निःशुल्क टीकाकरण कैंप लगेगा। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि टीकाकरण के इच्छुक विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं। इसकी विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि : एलएलएम में लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू भी

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के बाद 6 सितंबर से परास्नातक कोर्सों की ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 90 मिनट की पीजी प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। एलएलएम में लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार भी होगा। एमएड की प्रवेश परीक्षा 250 अंकों की होगी। यह परीक्षा 03 घंटे की होगी, जिसमें 2 प्रश्न पत्र बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होंगे। इसमें क्रमशः 100 एवं 80 प्रश्न पूछे जाएंगे।

## NBT PAGE 4



### एलयू : पीजीईटी 6 को, एमएड प्रवेश परीक्षा 11 को

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी में परास्नातक के विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षाएं जल्द शुरू हो जाएंगी। पीजीईटी की प्रवेश परीक्षा छह सितंबर को एलयू कैंपस में होगी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार 90 मिनट की परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न आएंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। वहीं, एलएलएम में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार भी होगा।एमएड की दाखिला परीक्षा 11 सितंबर को होगी। 250 अंकों की परीक्षा के लिए तीन घंटे निर्धारित किए गए हैं। बहुविकल्पीय सवालों के लिए दो और फिर एक घंटे में हिन्दी और अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षाओं की तारीख और समय की जानकारी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी एडमिशन पेज पर जाकर अपना लॉगइन आईडी पासवर्ड डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

### लविवि में छह सितम्बर से होंगी परास्नातक की प्रवेश परीक्षाएं

**लखनऊ (एसएनबी)।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की परास्नातक के विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा छह सितम्बर 2021 से आफलाइन लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में करायी जा रही है। सभी विषयों की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे।



**प्रवेश परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे 100 प्रश्न**

प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। किसी तरह एलएलएम प्रवेश परीक्षा में लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार भी होगा, जबकि एमएड की प्रवेश परीक्षा 250 अंकों की होगी। यह परीक्षा कुल तीन घंटे की होगी, जिसमें दो प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय प्रश्नों के होंगे। इसमें क्रमशः 100 एवं 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा दो घंटे की होगी। इसके तुरंत बाद एक घंटे में लघुउत्तरीय प्रश्न एवं हिन्दी व अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा होगी जो कि लघुउत्तरीय प्रकार की होगी। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अपना लागइन आईडी पासवर्ड डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं जिस पर परीक्षा केन्द्र, समय एवं परीक्षा की तिथि प्रवेश पत्र पर अंकित है।